वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 | अंक : 161 | शनिवार 5 अक्टूबर 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# राष्ट्रपति ने मानगढ़ धाम में किए धूणी के दर्शन

### राष्ट्रपति ने हवन कुण्ड में आहुतियां दीं और गोविन्द गुरु की प्रतिमा के दर्शन किए



**जयपुर. कासं**

राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के शुक्रवार को ऐतिहासिक शहादत तीर्थ मानगढ़ धाम पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति के साथ



राज्यपाल हरिभाऊ बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा उपस्थित रहे। राष्ट्रपति ने मानगढ़ धाम की धरती को प्रणाम करने के बाद मानगढ़ धूणी के दर्शन किए, हवन कुण्ड में घृत आहुतियां दीं और गोविन्द गुरु की प्रतिमा के दर्शन किए। राष्ट्रपति ने इसके पश्चात मानगढ़ धाम पर पौधारोपण भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने भी धूणी के दर्शन किए।

## राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में किया वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ

**जयपुर. कासं।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को सिरोही जिले में ब्रह्माकुमारीज संस्थान के शांतिवन में शुक्रवार को वैश्विक शिखर सम्मेलन का शुभारंभ किया। इस दौरान मुर्मु ने अपने सम्बोधन में विश्व शांति, अध्यात्म, ग्लोबल वार्मिंग पर बात करते हुए केंद्र सरकार की योजनाओ स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और आयुष्मान भारत योजना की सराहना भी की। इसके पूर्व सुबह मान सरोवर परिसर में उन्होंने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कर 140 करोड़ देशवासियों से पौधारोपण का आह्वान किया। डायमंड हॉल में आध्यात्मिकता द्वारा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज विषय पर आयोजित सम्मेलन में संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शांति और एकता का महत्व बताते हुए आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का मतलब धार्मिक होना या सांसारिक कार्य का त्याग करना नहीं है। आध्यात्मिकता का अर्थ है अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर अपने आचरण और विचारों में शुद्धता लाना। उन्होंने विचारों और कर्मों की शुद्धता की बात करते हुए इसे स्वच्छ और स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए आवश्यक बताया।

राष्ट्रपति मुर्मू ने ग्लोबल वार्मिंग से विश्व को बचाने के लिए पर्यावरण संरक्षण की अपील की। उन्होंने सभी से जन्म दिवस जैसे मौकों पर एक पेड़ लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा जीवामृत और प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो कि बेहद आवश्यक है और यह स्वस्थ समाज के निर्माण में लाभकारी भी है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार देशवासियों के स्वच्छ और स्वस्थ जीवन के लिए अनेक प्रयास कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन के हाल ही में दस वर्ष पूरे हुए हैं। इस मिशन ने समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाई है। जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर में स्वच्छ जल मुहैया कराने का भी संकल्प लिया गया है उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के फैसले की सराहना करते हुए बताया कि इन प्रयासों को सफल बनाने में जन भागीदारी का महत्वपूर्ण स्थान है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि अध्यात्म भारत की वह सुदृढ़ परंपरा है, जिसके जरिए जीवन की उत्कर्ष राहों का निर्माण किया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यात्म जीवन की नैतिकता है।

# सृजन द स्पार्क संस्था द्वारा जिंक सिटी में कल आयोजित होगी नितिन मुकेश नाइट




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

संगीत एवं कला के क्षेत्र में अग्रणी अंतरराष्ट्रीय संस्था 'सृजन द स्पार्क' के उदयपुर चैप्टर और हिन्दुस्तान जिंक के साझे में रविवार को 6.15 बजे सौ फीट सोभागपुरा रोड़ स्थित ओपेरा गार्डन में नितिन मुकेश सुरमई संगीत संध्या आयोजित होगी। संस्था के एपेक्स अध्यक्ष राजेश खमेसरा ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि ख्यात गायक मुकेश के बेटे नितिन मुकेश देश-विदेश में कई म्यूजिकल शो में अपनी प्रस्तुति दे चुके हैं। सृजन द स्पार्क संस्था अध्यक्ष दिनेश कटारिया ने बताया कि इस दौरान राजस्थानी माटी से जुड़े रह कर देश-विदेश में इसकी खुशबू फैलाने वाले इन्स्पीरा एन्टरटेनमेन्ट इंडिया लिमिटेड चेयरमैन प्रकाश जैन को बिजनेस विजनरी अचीवमेन्ट के लिये एक्सीलेंस अवार्ड व पी.जी.फॉइल लिमिटेड सीएमडी पंकज पी.शाह को अमीर खुसरो बिजनेस आइकोनिक अवार्ड प्रदान किया जाएगा। इसी तरह, राजस्थानी लोक गायिका सीमा मिश्रा को विशेष कला प्रेरक सम्मान, प्रसिद्ध गजल गायक पद्मश्री अहमद हुसैन मोहम्मद हुसैन की जोड़ी को हिन्दुस्तान जिंक सृजन लाइफ टाइम अचीवमेन्ट अवार्ड सहित गायक नितिन मुकेश को संस्था की ओर से लाइफ टाइम अचीवमेन्ट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने बताया कि हिंदुस्तान जिंक ने हमेशा कला और संगीत की भारत की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने की दिशा में कार्य किया है और यह हमारी सांस्कृतिक रूप से समृद्ध विरासत के संरक्षण के लिए यह हमारा प्रयास मील का पत्थर है। कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि पहला अवसर होगा जब इस संगीतमयी शाम की शुरूआत राजस्थानी लोक संगीत से की जाएगी। कार्यक्रम में प्रवेश निःशुल्क पास से होगा। एपेक्स सचिव अब्बास अली बन्दूकवाला ने बताया कि इस वर्ष कला प्रेरक अवार्ड में सृजन वीडी पलूसकर अवार्ड टीवी एवं सिने कलाकार हेमन्त पाण्डे, ओंकारनाथ ठाकुर अवार्ड ख्यात कलाकार कमल शर्मा, नंदलाल बोस अवार्ड निर्माता, लेखक एवं कलाकार काजल सूरी, मास्टर मदन अवार्ड टीवी एवं सिने कलाकार सैय्यद सलीम अफजल जैदी को प्रदान किया जाएगा। सृजन द स्पार्क के पूर्व अध्यक्ष श्याम एस. सिंघवी ने बताया कि सृजन द स्पार्क संस्था द्वारा करीब 45 हजार वर्गफीट जमीन पर दो वर्ष में गजल एकेडमी तैयार कर देश के ख्यातनाम कलाकारों द्वारा संगीत एवं कला की शिक्षा प्रदान की जाएगी।

रिपोर्ट/फोटोः राकेश शर्मा 'राजदीप'

# शीतकालीन प्रवास के लिए अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ को झोटवाड़ा जैन समाज ने किया श्रीफल भेंट



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर झोटवाड़ा के अध्यक्ष धीरज कुमार पाटनी मंत्री दिनेश काला समन्वयक निर्मल पांड्या ने बताया कि आज भट्टारक जी की नसिया में परम पूजनीय संत शिरोमणि आचार्य 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनि श्री 108 प्रणम्य सागर जी महाराज ससंघ को शीतकालीन प्रवास के लिए श्रीफल भेंट किया। इस अवसर पर सुगन पापड़ीवाल महेश बांछल अशोक गंगवाल संजय काला विजय सोगानी कालूराम जैन कमल गंगवाल जितेंद्र शाह तारा पांड्या रंजीता पापड़ीवाला आदि समाज जन मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय यंग जैना अवार्ड 5 एवं 6 अक्टूबर को कुंडलपुर में

## मेधावी प्रतिभाओं का होगा आत्मीय सम्मान, सुधा मलैया एवं आभा जैन होंगी मुख्य अतिथि

**कुण्डलपुर. शाबाश इंडिया।** पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी के परम आशीर्वाद एवं पूज्य मुनिश्री क्षमा सागर जी महाराज की प्रेरणा से मैत्री समूह द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित राष्ट्रीय यंग जैना अवार्ड इस वर्ष कुंडलपुर जिला दमोह में 5 एवं 6 अक्टूबर 24 को पूरी गरिमा के साथ आयोजित होगा। इस भव्य कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात समाजसेवी एवं शिक्षाविद श्रीमती सुधा मलैया एवं प्रमुख समाजसेवी श्रीमती आभा जैन होंगी। इस कार्यक्रम में देश भर की अनेक होनहार प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मैत्री समूह के डॉ.सुमति प्रकाश जैन छतरपुर के अनुसार मैत्री समूह श्रेष्ठ आचार विचार वाले निष्ठावान मित्रों का समूह है, जो संस्थागत सभी औपचारिकताओं से मुक्त होने के साथ युवा वर्ग में उच्च शिक्षा को प्रोत्साहित करने में संलग्न है।


मुनिश्री क्षमा सागर जी

इसी क्रम में शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योग्यता प्राप्त करने वाले देश भर के जैन छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह देश के विभिन्न शहरों में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। इस वर्ष 2024 में कक्षा 10 वीं में 85 प्रतिशत, 12 वीं कक्षा साइंस में 80 प्रतिशत तथा आर्ट एवं कॉमर्स में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक पाने वाले जैन छात्र-छात्राओं से प्रविष्टियां आमन्त्रित की गईं थीं। इनमें से सर्वोच्च अंक पाने वाली करीब 250 प्रतिभाओं तथा अन्य विशिष्ट प्रतिभाओं को इस समारोह में आत्मीयता के साथ सम्मानित किया जाएगा। इस दो दिवसीय प्रतिभा सम्मान समारोह का शुभारंभ 5 अक्टूबर 24 को देश के कोने कोने से आईं प्रतिभाओं के पंजीयन, भावभीनी स्वागत एवं ध्वजारोहण तथा अन्य सार्थक कार्यक्रमों से होगा। दूसरे दिन 6 अक्टूबर को योगा, पूजन, प्रवचन, सफलता के सूत्र पर चर्चा के बाद दोपहर एक बजे से सम्मान समारोह आयोजित होगा, जिसमें मुख्य अतिथि जानीमानी समाजसेविका, एकलव्य यूनिवर्सिटी, दमोह की संस्थापक, शिक्षाविद एवं राजनीतिज्ञ श्रीमती सुधा मलैया तथा प्रसिद्ध समाजसेविका, देश के प्रतिष्ठित एसपी जैन गुरुकुल, खुरई की संचालिका श्रीमती आभा जैन प्रतिभाओं का आत्मीय सम्मान करेंगी। ज्ञातव्य है कि सन 2001 में शिवपुरी से शुरू हुए 'यंग जैन अवार्ड' में देशभर की विशिष्ट जैन प्रतिभाओं का सम्मान दो दिवसीय गरिमामय व भव्य समारोह में अत्यंत प्रबंधकीय कौशल व अनुशासन के साथ किया जाता है। इस आयोजन में विभिन्न विषयों के देश के जानेमाने कॅरियर कॉउंसलर एवं मनीषी देश के कोने कोने से आईं प्रतिभाओं को अपना उपयोगी एवं सारगर्भित मार्गदर्शन प्रदान करते हैं। संकलनः वरिष्ठ पत्रकार राजेश जैन रागी रत्नेश जैन बकस्वाहा

# जो गुरु के भावों को जानता है, वह जीवन में वैसा ही सीखता है...






## युवाचार्यश्री के पांच दिवसीय जन्म महोत्सव का चौथा दिन

**सुनिल चपलोत. शाबाश इंडिया**

चैन्नई। एएमकेएम जैन मेमोरियल सेंटर में चातुमार्सार्थ विराजित श्रमण संघीय युवाचार्य महेंद्र ऋषिजी के जन्मोत्सव के चौथे दिन ज्ञान ध्यान से सुरभित शीर्षक पर महासती दिव्यशाश्रीजी ने कहा कि महापुरुषों के जन्मदिन तप-त्याग करने के लिए आते हैं। कई लोग शरीर, वस्त्रों को सुरभित करने के लिए इत्र, सेंट का प्रयोग करते हैं लेकिन युवाचार्यश्री ज्ञान, ध्यान से जीवन को सुरभित कर रहे हैं। आनंद गुरु के शब्द, शिक्षा और लक्ष्य ज्ञान से भरे थे। उनका अनुसरण करते हुए युवाचार्यश्री का जीवन ज्ञान और ध्यान से सुरभित रहा है। उन्होंने कहा ज्ञान ही जीवन का ईश्वर है। सूर्य का उजाला विश्व भर में है। लेकिन ज्ञान का उजाला हजारों सूर्य भी उदित हो जाए तो भी ज्ञान की बराबरी नहीं कर सकते। कल्प वृक्ष, चिंतामणि भी ज्ञान के समान नहीं है। मन का मैलापन दूर करना है तो ज्ञान जरूरी है। आनंद ऋषिजी ने युवाचार्यश्री को ज्ञान की घूंट पिला दी। उन्होंने आचार्य आनंद ऋषिजी से छंद, सवैया सीखी है। जो गुरु के भावों को जानता है, वह जीवन में वैसा ही सीखता है। वही उनका उत्तराधिकारी बनने योग्य होता है। वे सभी प्रकार की संपदाओं से परिपूर्ण है। उनके ज्ञान के साथ विनय का सामंजस्य है। उन्होंने अपने गुरु से ज्ञान का खजाना हासिल कर लिया। उन्होंने कहा गुरु जीवन के अंधकार को मिटा देते हैं। ज्ञान के उजाले को नयन सुख के माध्यम से आलोकित कर सकते हैं। उन्होंने अपने जीवन को ज्ञान, ध्यान से सजाया है। जो धर्म का ज्ञान, अध्यात्म का ज्ञान मिला है, वह भवोभव साथ में चलेगा। युवाचार्य भगवंत ज्ञान रत्नों का भंडार है। वे जनहित के लिए ज्ञान को लुटा रहे हैं। अपना एक मिनट भी समय व्यर्थ नहीं करते। अपने आत्मज्ञान में सदा लीन, तल्लीन रहते हैं। उनका जीवन महकता चन्दन है। वे उत्कृष्ट संयम साधना की मिसाल है। साधु जीवन में उपसर्ग, परिषह है, वे समभाव से सहन कर रहे हैं। श्रमण संघ की बागडोर, जो उनके जीवन का दायित्व है, उसे पूर्ण करेंगे। इस दौरान पुच्छिस्सुणं संपुट की बीसवीं गाथा का जाप हुआ। युवाचार्यश्री के जीवन पर आधारित एक लघु नाट्य मंचन हुआ। पूना, कवर्धा, रायपुर, हैदराबाद, अमरावती, सूरत, इंदौर, वडगांव, कांकरोली, मेट्टुपालयम आदि क्षेत्रों से गुरुभक्तगण युवाचार्यश्री के दर्शनार्थ व वंदनार्थ उपस्थित हुए। पूना के सुभाष ललवानी ने अपने विचार व्यक्त किए। सायंकाल युवाचार्य भगवंत के जन्मोत्सव पर भक्ति संध्या का आयोजन हुआ जिसमे सैकड़ों श्रध्दांलुओ ने की उपस्थिति रही। संचालक कमल छल्लाणी ने बताया कि शनिवार को युवाचार्यश्री का जन्मोत्सव तप-जप के साथ भव्य रुप मे मनाया जाएगा।

# पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र जैन का एक दिवसीय दौरा निवाई में

### निवाई में क्षेत्रपाल बाबा की झांकी सजाकर चोला चढ़ाया एवं पूजा अर्चना कर देश में खुशहाली की कामना की



**निवाई. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन बड़ा मन्दिर परिसर स्थित मानभद्र क्षेत्रपाल बाबा के मन्दिर में पूजा अर्चना के साथ भव्य झांकी सजाकर चोला चढ़ाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि विधिवत मंत्रोच्चार के साथ क्षेत्रपाल बाबा की गुलाब के फूलों से झांकी सजाई। कार्यक्रम के अतिथि पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस नरेंद्र कुमार जैन काला एवं पूर्व न्यायाधीश नरेंद्र जैन उनियारा एवं सेलटेक्स कर सलाहकार सुरेश काला थे। जौंला ने बताया कि कार्यक्रम के तहत नवरात्रि के चलते अतिथियों ने बाबा क्षेत्रपाल के अष्ट द्रव्यों से पूजा अर्चना करके अभिषेक किए। इसके बाद क्षेत्रपाल मंदिर के शिखर पर पूर्व न्यायाधीश नरेंद्र काला शिखरचंद काला एवं नितिन काला ने गाजे बाजे से ध्वजारोहण किया गया। विमल पाटनी जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि क्षेत्रपाल अनुष्ठान में विधिवत मंत्रोच्चार द्वारा अजीत काला मंजू जैन मधुलता जैन नीता जैन एवं लीला जैन ने भजनों के साथ बाबा क्षेत्रपाल जी की विशेष पूजा अर्चना कर विभिन्न प्रकार के मिष्ठान्नों से भोग लगाकर महाआरती की। इस अवसर पर विनोद जैन अशोक बिलाला हुकमचंद जैन महावीर प्रसाद पराणा विष्णु बोहरा विनय झांझरी नेमीचंद सिरस रमेश चंद जैन विमल जैन महावीर प्रसाद छाबड़ा प्रकाश जैन अतुल ठोलिया विमल सोगानी हितेश छाबड़ा शिबू पाटनी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे।



## वेद ज्ञान

### चलते रहो कर्म करते रहो

प्रकृति के नियम के अनुसार हमे सदा चलते रहना चाहिए और अपने कर्म को करते रहना चाहिए। यह नियम किसी किताब मे नहीं लिखा हुआ है यह नियम खुद प्रकृति हमे बताती है। यह पूरा ब्रहमाण्ड आराम किए बिना अपना कार्य निरंतर करता है। यदि एक दिन भी यह अपना कार्य करना बंद कर देगी तो सोचो इस धरती का क्या हाल होगा। आप स्वयं ही इस बात की कल्पना कर लीजिए यह सभी जानते हैं कि हमारा ग्रह (पृथ्वी) सूर्य का चक्कर काटती है और दिन रात घुर्णन करती है जिसके कारण दिन, रात सर्दी और गर्मी होती है यह थी प्रकृति के नियम के बारे में जिसे हमें अपने जीवन में अपनाने चाहिए कुछ लोग अपने जीवन में बस कुछ कार्य नहीं बस आराम से जीवन जीने के बारे में सोचते हैं पर यह विचार रखना बिल्कुल गलत है अगर हम सारी उम्र आराम करने के बारे मे या फिर आराम दायक जीवन जीने के बारे मे सोचते हैं तो हम कई सारी बीमारी के शिकार हो जाएंगे। जैसे मोटापा, बल्ड प्रेशर, मधुमेह, माइग्रेन इत्यादि बीमारी से ग्रसित हो सकते हैं। जैसे हम सोचते कुछ हैं और होता कुछ और हैं वैसे आराम जीवन को बर्बाद कर देता है अगर समस्या और ज्यादा गम्भीर हो गई तो यह आत्महत्या बन जाती है। प्रकृति हमें यह संदेश देती है की हमें अपनी सारी उम्र निरंतर जीवन में कैसा भी कार्य हो बस उसे करते रहना चाहिए हमारे कार्य ही हमारे कर्म हैं। फालतु समय को बर्बाद नहीं करना चाहिए। हमें जितना हो सके जीवन की सफलता के लिए निरंतर बढ़ते रहना चाहिए। हमें आराम कम और कार्य ज्यादा करना चाहिए क्योंकि यह पूरा ब्रमाण्ड कभी आराम नहीं करती हैं इसलिए - चलते रहो और अपने कर्म करते रहो।

## संपादकीय

# विश्व शांति पर मंडराता खतरा...

यूएनएससी की ताजा बैठक में फिर पश्चिम एशिया की स्थिति पर चिंता व्यक्त की गई। इससे एक दिन पहले ईरानी मिसाइल हमले के बाद इजराइल ने यूएन चीफ के अपने देश में आने पर पाबंदी लगा दी। यह यूएन के चार्टर का खुला उल्लंघन है। इजराइल का कहना है कि यूएन ने ईरानी हमले की निंदा नहीं की। सवाल यह है कि क्या ईरानी हमले की निंदा की जाती तो इजराइल यूएन की तमाम अपीलों को मानकर युद्ध बंद कर देता ? फिलिस्तीन पर



महीनों से चल रहे हमले को तेल अवीव यह कहकर सही ठहराता रहा कि पहला हमला फिलिस्तीन की ओर से हमास ने किया। उस वक्त भी दुनिया की अपील को यह कहकर खारिज किया गया कि पहले हमास के हमले की निंदा की जाए। यह सच है कि पूरी दुनिया इस समय इस मुद्दे पर बंटी हुई है। अमेरिका सहित कई देश इजराइल को हथियार भी दे रहे हैं और शांति की अपील भी कर रहे हैं। तभी तो इजराइली मुखिया ने यूएस कांग्रेस में ''युद्ध अंतिम जीत तक जारी रहेगा'' कहकर अमेरिका से मदद बढ़ाने की अपील की। ताजा स्थिति यह है कि इजराइल लेबनान की सीमा में कई किलोमीटर तक घुस चुका है। उधर ईरान की मदद में कई अरब देशों के साथ आने की संभावना है यानी सीरिया, यमन, इराक भी युद्ध में कूद सकते हैं। हितों के लिए बंटी दुनिया में तीसरा विश्व युद्ध और किसे कहेंगे ?इजरायल की ओर से लेबनान में हिजबुल्ला के सरगना नसरुल्ला को मार गिराए जाने के बाद ईरान ने जिस तरह उस पर मिसाइलें दागीं, उसके बाद पश्चिम एशिया के हालात बेकाबू होते दिख रहे हैं। इसलिए और भी, क्योंकि इजरायल ने दो टूक कहा है कि ईरान को मिसाइल हमले के नतीजे भुगतने होंगे। इजरायल केवल ईरान पर ही हमले की तैयारी नहीं कर रहा है। उसने लेबनान में हिजबुल्ला को सबक सिखाने के लिए अपनी सेनाएं भेज दी हैं और वह सीरिया में अपने शत्रुओं पर हमला करने के साथ यमन में हाउती लड़ाकों को भी निशाना बना रहा है हमास, हिजबुल्ला और हाउती वे संगठन हैं, जिन्हें ईरान हर तरह का सहयोग और समर्थन देता है। पश्चिम एशिया में अशांति केवल इसलिए नहीं है कि इजरायल फलस्तीन को एक अलग देश के रूप में स्वीकार करने को तैयार नहीं। इस अशांति का एक बड़ा कारण ईरान भी है, जो इजरायल का समूल नाश करने की अपनी सनक से ग्रस्त है। ईरान की तरह कतर भी इजरायल विरोधी संगठनों की मदद करता है। ये दोनों देश ऐसा इसलिए भी करते हैं, ताकि खुद को इस्लामी जगत का अगुआ साबित कर सकें। इजरायल और अन्य इस्लामी देशों के बीच दुश्मनी और युद्ध का एक लंबा इतिहास है। इसकी जड़ें बहुत पुरानी हैं, लेकिन मौजूदा अशांति का मूल कारण एक साल पहले सात अक्टूबर को गाजा आधारित आतंकी संगठन हमास की ओर से इजरायल में किया गया बर्बर हमला रहा। इस भीषण हमले में 12 सौ से अधिक इजरायली नागरिक मारे गए थे। इस हमले के दौरान हमास के आतंकी दो सौ से अधिक इजरायलियों को बंधक बनाकर गाजा ले आए थे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# जातिवाद का जहर

जेलों में जाति आधारित भेदभाव को समाप्त करने संबंधी सर्वोच्च न्यायालय के फैसले की जितनी प्रशंसा की जाए कम होगी। इतनी ही प्रशंसा उस रिपोर्ट या याचिका की भी होनी चाहिए, जिसने सदियों से चली आ रही इस बेशर्म कुप्रथा पर प्रहार का जरूरी साहस दिखाया। हकीकत से वाकिफ न्यायालय का यह एक ऐतिहासिक फैसला है। प्रधान न्यायाधीश धनंजय वाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने गुरुवार को जेल संहिता में संबंधित प्रावधानों को असांविधानिक घोषित करते हुए जेलों में जाति-आधारित भेदभाव की इस प्रथा को समाप्त कर दिया है। अदालत ने केंद्र सरकार और राज्य सरकारों को दोटूक निर्देश जारी करते हुए कहा है कि जेलों में बंदियों को जाति के आधार पर काम या आवास की सुविधा न दी जाए। अदालत ने माना कि प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जाति के आधार पर किया जाने वाला भेदभाव औपनिवेशिक शासन का अवशेष है। संविधान के तहत सभी कैदियों से समान व्यवहार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। जाति, लिंग व विकलांगता के आधार पर जेलों के अंदर होने वाला भेदभाव पूरी तरह अवैध है। यह बहुत आश्चर्य की बात है कि एकाध कानूनों और जेल नियमों में भेदभाव के प्रावधान अब तक दर्ज हैं। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को इस फैसले के तीन महीने के अंदर अपने जेल नियमों में संशोधन करना होगा। यह केंद्र सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह जेल मैनुअल 2016 में सुधार करने के साथ ही आदर्श जेल व सुधार सेवा अधिनियम, 2013 में संशोधन करते हुए दर्ज जाति-आधारित भेदभाव को दूर करे। यह बात बहुत चौंकाती है कि विचाराधीन या दोषी कैदियों के रजिस्टर में जाति का कॉलम होता है और जेल अधिकारी ही नहीं, स्वयं कैदी भी जाति देखकर व्यवहार करते हैं। जाति देखकर कैदियों को काम दिया या काम लिया जाता है। अतः जेल में जाति आधारित किसी भी कॉलम को समाप्त करने में ही भलाई है। आगामी वर्षों में जेल अधिकारियों की बड़ी जिम्मेदारी होनी चाहिए कि जेलों में जाति प्रथा का अंत हो। साफ-सफाई के काम से हर जाति के कैदियों को जोड़ा जाए। काम किन्हीं खास कैदियों पर लादने के बजाय क्रमवार सभी से कराया जाए, ताकि हर किसी को हर तरह के काम का मौका मिले। यह एहसास कैदियों में पैदा न हो कि किन्हीं खास जातियों के कैदी जेलों में ज्यादा आराम फरमाते हैं। वास्तव में, पिछड़ी जातियों के नेताओं को भी भेदभाव के अंत के लिए युद्ध स्तर पर सक्रिय होना चाहिए। सवाल यह भी है कि इस बड़ी समस्या की ओर पहले क्यों इशारा नहीं किया गया? सवाल यह भी है कि क्या भारतीय समाज या भारतीय व्यवस्था में अभी भी ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अघोषित रूप से या सामान्य रूप से ही जातिगत भेदभाव की कुप्रथा बेधड़क चल रही है? यह पूरा प्रकरण इस बात का संकेत है कि पिछड़ों के नेताओं को ज्यादा सजग होने की जरूरत है। जेलों में सदियों से जिनका शोषण हो रहा था, क्या उनकी ओर से आवाज उठाने वाला कोई नहीं था? विशेष रूप से सरकारों को अपनी ओर से यह विस्तृत अध्ययन करना चाहिए कि जेलों में गरीबों और विशेष रूप से आदिवासियों की क्या स्थिति है? क्या जेलों में समानता का व्यवहार हो रहा है? बेशक, जहां भी संविधान के अनुरूप समानता या मानवीयता का व्यवहार नहीं हो रहा है, वहां जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़े कदम उठाने की जरूरत है।


1008 श्री पार्श्वनाथ भगवान
नसियाँ श्योजी गोधा, आमेर

॥ श्री पार्श्वनाथाय नमः ॥

# श्री दिगम्बर जैन नसियाँ श्योजी गोधा

## रामगढ़ मोड़, आमेर रोड़, जयपुर

(अन्तर्गत श्री दिगम्बर जैन मंदिर जी लश्कर, बोरड़ी का रास्ता, किशनपोल बाजार, जयपुर)

# 214 वाँ छठ का मेला व वार्षिकोत्सव

## मंगलवार, 8 अक्टूबर एवं बुधवार 9 अक्टूबर 2024

धर्मानुरागी महानुभावों

सादर जय जिनेन्द्र !

साधर्मी बन्धुओं को निवेदन करते हुए परम हर्ष है कि प्रतिवर्ष की भाँति श्री दिगम्बर जैन मंदिर जी पार्श्वनाथ, नसियाँ श्योजी गोधा का "214 वाँ छठ का मेला व वार्षिकोत्सव" दिनांक 8 एवं 9 अक्टूबर 2024 को आयोजित किया जा रहा है।

आप से सविनय निवेदन है कि मेले के सभी कार्यक्रमों में सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित पधारकर धर्म लाभ प्राप्त करें।

**मंगलवार, 8 अक्टूबर 2024**

सायं 7.15 बजे - 214 दीपकों से महाआरती

रात्रि 8.00 बजे

भजन व जैन धार्मिक हाऊजी (म्यूजिकल)

**बुधवार, 9 अक्टूबर 2024**

प्रातः 11.00 बजे - 24 भगवान की पूजा

सायं 4.00 बजे - धर्मसभा एवं कलशाभिषेक

विधानाचार्य - पं. श्री रमेश जी गंगवाल

**सामूहिक गोठ**

**सहयोग राशि 70/-**

**मेला संयोजक**

युति प्रकाश पाटनी 9351785234

अनिला जी पापड़ीवाल 8003604254

**सह संयोजक**

शैलेन्द्र कुमार साह 9414238656

रौनक जैन 8290853441

| अध्यक्ष | कार्याध्यक्ष | उपाध्यक्ष | मंत्री | उपमंत्री |
|---|---|---|---|---|
| भागचन्द साह 'अत्तार' | Er. रमेश साह | जिनेन्द्र कुमार चाँदवाड़ | प्रदीप साह | शैलेन्द्र कुमार साह (चीकू) |
| 9214863000 | 9414241007 | 7665020206 | 9829015088 | 9414238656 |

| कोषाध्यक्ष | उप कोषाध्यक्ष | शास्त्र भण्डार रक्षक | प्रचार-प्रसार मंत्री |
|---|---|---|---|
| डॉ. सुशील कुमार कासलीवाल | युति प्रकाश जैन (पाटनी) | अजय गोधा | संदीप साह |
| 9414461105 | 9351785234 | 9314504291 | 9829050791 |

**सदस्य गण**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| कमल काला | Er. अशोक कुमार जैन | अजय साह | राजेन्द्र कुमार साह | महावीर प्रसाद साह | प्रवीण साह |
| 9829056547 | 8696934093 | 9314643738 | 9414043359 | 9828020597 | 9799134175 |

**विनीत : प्रबंधकारिणी समिति श्री दिगम्बर जैन मंदिर लश्कर तथा नसियाँ श्योजी गोधा**

**रामगढ़ मोड़, आमेर रोड़, जयपुर**

**निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, बोरड़ी का रास्ता एवं आमेर रोड़, जयपुर**

मुद्रक : राजू ग्राफिक आर्ट (संदीप शाह) जयपुर मो. 9829050791

## अतिशय क्षेत्र पीर कल्याणी नसिया जी में हुआ मेडिटेशन, गुरु उपाध्यायश्री ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश

### भक्तों ने की उपाध्याय संघ की भव्य अगवानी



**आगरा. शाबाश इंडिया।** आगरा में विराजमान समाधिस्थ आचार्यश्री विरागसागर जी महाराज के शिष्य उपाध्यायश्री विहंसत सागर जी महाराज ससंघ का आगरा महानगर भ्रमण चल रहा है इसी बीच 4 अक्टूबर को उपाध्यायश्री विहसंतसागर जी महाराज एवं मुनिश्री विश्वसौम्य सागर जी महाराज ससंघ ने ट्रासयमुना कॉलोनी जैन मंदिर से बैण्ड बाजों के साथ मंगल विहार कर वाटर वाटर्स चौराहा,लंगड़े की चौकी,जीवनी मंडी चौराह,विजय नगर चौराहा पर पहुंचे जहां मुनि श्री विदाम्बर सागर जी महाराज से मंगल मिलन हुओ इसके बाद तीनों मुनिराजों ने श्री नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर अतिशय क्षेत्र पीर कल्याणी नसिया जी में मंगल प्रवेश किया ।जहां भक्तों ने तीनों मुनिराजों का पाद प्रक्षालन एवं मंगल आरती का भव्य स्वागत कियो तो वहीं आर्यिका श्री निसर्ग मति माता जी एवं गुरू मां आर्यिका विश्रेय श्री माता जी ने तीनों मुनिराजों की चरण वन्दना की,मंदिर पहुंचकर सौभाग्यशाली भक्तों ने उपाध्यायश्री के मुखारविंद से उच्चारित मंत्रोच्चारण के साथ श्रीजी की वृहद शांतिधारा संपन्न की इसके बाद धर्मसभा का आयोजन हुआ जिसका शुभारंभ समाधिस्थ आचार्य श्री विरागसागर जी महाराज के चित्र का अनावरण एवं मंगलाचरण के साथ किया गयो जिसमें मुनिराजों ने भक्तों को जैन धर्म पर चलने का मार्ग के बारे में बतायो इस दौरान बाहर से पधारे भक्तों ने मुनिसंघ के समक्ष श्रीफल भेंटकर मंगल आशीर्वाद प्राप्त कियो धर्मसभा का संचालन सुनील जैन ठेकेदार द्वारा किया गया।

## जेएसजी नॉर्थ द्वारा टऊ राम गौशाला मे गायों को हरी सब्जी, चारा खिलाया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ ग्रुप द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम की श्रृंखला मे 4 अक्टूबर को वर्धमान सरोवर मे स्थित टऊ राम गोशाला मे ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य विजय - रीद्धी जैन के सौजन्य से गायो को हरी सब्जी एवं चारा खिलाया गया । ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी ने बताया कि ग्रुप कार्यकारिणी सदस्य विजय - रीद्धी जैन के पिताजी एवं ग्रुप के पूर्व वरिष्ठ सदस्य स्वर्गीय श्री शांति लाल जी जैन की स्मृति मे ये कार्यक्रम किया गया। ग्रुप सचिव विशुतोष चाँदवाड़ एवं सामाजिक कार्यक्रम मुख्य संयोजक अजय बड़जात्या ने बताया कि 21 वे ग्रुप स्थापना दिवस को 21 सामाजिक कार्यक्रम करके ग्रुप सदस्य मना रहे है । रोजाना 1-2 मानव सेवार्थ, जीव दया के सामाजिक कार्यक्रम कर रहे है इस अवसर पर ग्रुप अध्यक्ष सुनील सोगानी, श्री मती मुनिया सोगानी, कार्यकारिणी सदस्य विजय जैन, प्रमोद पाटनी, अरुण बिलाला, सुनील जैन, रीद्धी जैन, श्रीमती स्नेह लता जैन, श्रीमती बबिता जैन मास्टर ईशान जैन आदि अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# भक्तामर की आराधना जीवन में संजीवनी का काम करती है: गुरुमां विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

परम पूज्य भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका गुरु मां 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी राजस्थान की पावन धरा पर चातुर्मास चल रहा है।नवरात्रि एवं दशहरा के पावन अवसर पर 10 दिवसीय आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन चातुर्मास समिति के द्वारा किया गया। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की इस महोत्सव में आज दूसरे दिन की भक्तामर दीपार्चना करने का सौभाग्य अशोक झांझरी राहोली जैन समाज के अध्यक्ष एवं मांग्यावास जयपुर से मुनिसुव्रतनाथ महिला मंडल एवं संदीप जैन रूपनगढ़ सपरिवार वालों ने प्राप्त किया। भक्तों ने अतिशयकारी श्री शांतिनाथ भगवान के चरणों में भक्ति भाव के साथ आराधना संपन्न कराई। एक-एक कर 48 दीपक चढ़ाये गये। प्रतिक जैन सेठी ने बताया की पूज्य आर्यिका संघ की आहार चर्या करने का सौभाग्य मालवीय नगर सेक्टर 7 जयपुर समाज के प्रकाश शांतिलाल कमल जैन सपरिवार ने प्राप्त किया। भक्तामर स्तोत्र की महिमा का वर्णन पूज्य माताजी ने करते हुए कहां कि भक्तामर आराधना पंचम काल का मानो साक्षात कल्पवृक्ष है।इसकी आराधना करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। रोग शोक बाधाएं नाश करने वाली यह अलौकिक भक्ति है। भक्तामर स्तोत्र सचमुच संजीवनी साक्षात उदाहरण है।








# राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 48 दिवसीय भक्तामर पाठ विधान पूजा के साथ संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन मंदिर गायत्री नगर महारानी फार्म दुर्गापुरा जयपुर में 48 दिवसीय भक्तामर पाठ राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त से शुभारंभ होकर 1 अक्टूबर को पूर्ण हुआ। राष्ट्रीय अहिंसा दिवस 2 अक्टूबर को परम पूज्य आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य उपाध्याय श्री वृषभानंद जी महाराज ससंघ सानिध्य में भक्तामर विधान पूजा व दीपार्चना रिद्धि - सिद्धि मंत्रो के साथ संपन्न हुई। अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने अवगत कराया कि जयपुर महानगर के गायत्री नगर मंदिर में गत 6 वर्षों से 48 दिवसीय भक्तामर पाठ रिद्धि सिद्धि मत्रों के साथ बडे ही भक्ति भाव व उत्साह पूर्वक किया जाता है। इस वर्ष 2 अक्टूबर राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर 7 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं। इस भव्य अनुष्ठान का मंडल पर दीप प्रज्जवलन मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबड़ा, उपाध्यक्ष अरुण शाह, पुन्यार्जक परिवार बसंत बीना बाकलीवाल, जयवर्धन शाह, सारसमल पदम झांझरी, अशोक विमला पापड़ीवाल, सुनील लता सोगानी एवं युवा परिषद् के राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन ने किया। चारों कोनों पर मंडप पर मंगल कलश संयोजक अनीता बडजात्या,डॉ अनीता जैन, विमला जैन व ज्योति जैन ने स्थापित किए। मुख्य मंगल कलश पुन्यार्जक परिवार सुनील लता सोगानी ने स्थापित किया। इस अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष अरुण शाह ने अवगत कराया कि पूज्य उपाध्याय श्री ससंघ सानिध्य प्राप्त होने से इस 48 दिवसीय भक्तामर पाठ व सम्पूर्ण जैन समाज का गौरव बढा। पूज्य उपाध्याय श्री ने अपने मंगल आशीर्वचन में कहा कि इस तरह की धार्मिक क्रियाएं प्रत्येक मंदिर में होती रहनी चाहिए, जितनी भक्ती से धार्मिक कार्यक्रम होती हैं उससे अधिक अतिशय मन्दिर जी में होते हैं, 3 अक्टूबर से थडी मार्केट जैन मंदिर में विशाल णमोकार महामंत्र जाप अनुष्ठान की क्रियाएं प्रारंभ हो रही है सभी गायत्री नगर निवासी अनुष्ठान में जरूर सम्मिलित हों। मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष कैलाश छाबडा ने अवगत कराया कि परम पूज्य आचार्य श्री वसुनन्दी जी महाराज का अवतरण दिवस पर उनकी पूजा करने का सौभाग्य मिला, बड़े ही भक्ति भाव व संगीत के साजों के साथ पूजा की गयी। अवतरण दिवस पर उपाध्याय श्री के व मुनि श्री सदानन्द जी



महाराज के पाद प्रक्षालन व आचार्य श्री का चित्र अनावरण करने का सौभाग्य बसंत बीना बाकलीवाल परिवार को मिला। शास्त्र भेंट लता सोगानी, अध्यक्ष कैलाश छाबडा, उदयभान जैन ने किया। आचार्य श्री की पूजा में बड़े ही सुंदर एवं ग्रुप के साथ भक्ति भाव करते हुए पूजा स्थापना 48 दिवसीय भक्तामर पाठ के संयोजकों द्वारा ,जल किरण व रीना बिल्टीवाला, चंदन सारस मल पदम झांझरी ,अक्षत उदयभान जैन अनीता बडजात्या, पुष्प ऋषभ ज्योति जैन , नैवेद्य अनिल प्रतिभा बीएसएनएल वाले, दीप अशोक बिमला पापडीवाल, धूप बीना टोंग्या व रेखा झांझरी , फल विमल सरोज जैन- बाकलीवाल ने, अर्घ्य आलोक बीना चौकड़ियात, जयमाला पूर्ण अर्घ्य सुनील लता सोगानी ,उपाध्याय श्री का अर्घ्य बसंत - बीना बाकलीवाल ने बड़े ही भक्ति भाव के साथ अर्पित किए। थड़ी मार्केट जैन मंदिर जी से पंकज लुहाडिया, अध्यक्ष पवन जैन नगीना वाले,युवा परिषद मानसरोवर संभाग के महामंत्री पारस जैन सहित पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित हुए। मन्दिर प्रबन्ध समिति के मंत्री राजेश बोहरा व अन्य पदाधिकारियों ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। सभी मांगलिक क्रियाएं विधानाचार्य पं. अजीत शास्त्री द्वारा कराई गई। धर्म सभा का कुशल संचालन अरुण शाह द्वारा एवं 48 दिवसीय भक्तामर पाठ का प्रतिदिन संचालन उदयभान जैन द्वारा किया गया। अंत में उदयभान जैन ने मन्दिर प्रबन्ध समिति का, भक्तगणों को विधान में बैठने वालों को ,भक्तामर पाठ के सभी पुण्यार्जक परिवारों, उपस्थित अतिथियों व सभी पदाधिकारी एवं गणमान्य महानुभावों का इस भव्य अनुष्ठान में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों का आभार व्यक्त किया।



# आचार्य प्रसन्नसागरजी महाराज के सानिध्य में दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ



**कुलचाराम, हैदराबाद. शाबाश इंडिया**

भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव आयोजन श्री 1008 विघ्नहर पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र कुलचारम, मेदक (तेलंगाना) प्रातः कालीन पूजन 24 तीर्थंकर आराधना भव्य ध्वजा रोहण समस्त संघ सानिध्य मे संपन्न हुआ। अभिषेक शांतिधारा विश्व इतिहास में प्रथम बार दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव का हुआ भव्य मंगल शुभ आरम्भ। आहारचार्य उपवास गौ ग्रास सेवा अष्टद्रव से गुरुपूजन विश्व इतिहास में प्रथम बार दस दिवसीय अखंड जिनसहस्त्रनाम पाठ, भगवत जिनेन्द्र महाअर्चना एवं मंत्रानुष्ठान महोत्सव कुलचाराम हैदराबाद में की गई।इस अवसर पर आचार्य प्रसन्नसागर जी ने बताया कि आधी ज़िन्दगी गुजार दी हमने पढ़ते पढ़ते.. और स्वाध्याय करते करते और हमने सीखा क्या? सिर्फ एक दूसरे को नीचा दिखाना। अब समय है खुद को बदलने का, स्वयं में परिवर्तन लाने का, लेकिन हमें ये कतई पसंद नहीं है। आज हम देखकर भी देखतें नहीं है। सुनकर भी नहीं सुनते हैं। पढ़कर भी कहाँ पढ़ते हैं। हम वही देखते हैं जो हमे देखना है। हम वही सुनते हैं, जो सुनना है, और हम पढ़ते भी वही हैं जो पढ़ना है। ग्रन्थों की बातें वयष्टि व समष्टि के लिए मंगलकारी है। दूसरों को प्रभावित करना, कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। ये काम तो डमरू बजा कर मदारी भी कर लेता है। महावीर भगवान का अमृत वचन है कि दुनिया को जीतने वाला सिर्फ वीर होता है, लेकिन अपने आप को मान, सम्मान, अपमान को जीतने वाला महावीर होता है। दूसरों को दर्पण दिखाने के पहले, स्वयं अपना मुँह एक बार दर्पण में देखें। दूसरों को प्रभावित करना आसान है, परन्तु स्वयं में, स्वयं से प्रभावित होना, बहुत कठिन काम है। विश्व में विजय पताकाएं गाड़ने वाला सम्राट सिकन्दर भी जीवन के अन्तिम क्षणों में, अनुभव करता था कि वह दुनिया को जीतकर भी अपने आप से हार गया। जिन्दगी में वो मुकाम हासिल करो, जहाँ लोग तुम्हें ब्लॉक नहीं, सर्च करें...।

**-नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।**

# आकांक्षा रहित दान देना दान कहलाता है : आर्यिकापवित्र मति माताजी



**सुरेश चंद्र गांधी. शाबाश इंडिया**

नौगामा जिला बांसवाड़ा ।परम पूज्य पवित्र मति माताजी के सानिध्य में प्रातः 1008 भगवान आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर 1008 भगवान समवशरण जैन मंदिर जी में शांति धारा अभिषेक हुआ, अभिषेक की पश्चात माताजी का चातुर्मास पंडाल में आगमन हुआ, मंगलाचरण के पश्चात प्रश्नमालिक अध्याय का अर्थ बताते हुए कहा कि मनुष्य को आकांक्षा रहित दान करना चाहिए जब भी इच्छा हो जाए दान कर देना चाहिए दान करने के लिए समय का इंतजार नहीं करना चाहिए। दान छुपा कर नहीं देना चाहिए एवं दान ख्याति प्राप्त करने के लिए नहीं देना चाहिए एवं उस समय अपने भाव अच्छे रखें एवं सहनशील बने, प्रतिदिन प्रातः आजकल प्रश्न मालिक का माताजी द्वारा अध्ययन करवा रहे हैं । अध्ययन के पश्चात तिजारा महावीर जी, तड़ा मध्य प्रदेश आदि से पधारो हुए बंधुऔ का चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष निलेश जैन राजेंद्र गांधी नरेश जैन भरत पंचोली व सुरेश चंद्र गांधी विपुल पंचोली मुकेश गांधी द्वारा पगड़ी पहना कर दुपट्टा उड़ा कर सम्मान किया गया। तिजारा तीर्थ क्षेत्र से पधारे हुए सभी यात्रियों द्वारा सुखोंदय तीर्थ की वंदना की ।यात्रा संघ के तीर्थ संघपति आदेश्वर जैन ने कहा कि हमें माताजी के आशीर्वाद के साथ-साथ आज इस तीर्थ क्षेत्र की वंदना का सौभाग्य प्राप्त हुआ एवं इस नगर में नवीन जिनालय भगवान मुनि सुव्रत बन रहा है वह शीघ्र पूर्ण हो ऐसी हमारी कामना है। आज दिगंबर जैन समाज बड़ोदिया से भी जैन पाठशाला के छात्र एवं शिक्षिकाए भी माता जी के दर्शन आगमन हुआ। माताजी को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया एवं सुखोदयजी के दर्शन किये । चातुर्मास कमेटी अध्यक्ष निलेश जैन ने बताया कि माताजी के सानिध्य में आगामी दिनों में सर्वतोभद्र विधान एवं पीछी परिवर्तन का कार्यक्रम होगा इस हेतु व्यापक तैयारियां चल रही है ।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# लायन्स क्लब मेट्रो द्वारा स्कूल्स की 487 छात्रों की निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री महावीर दिगंबर जैन बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, चौड़ा रास्ता, जयपुर में 487 विद्यार्थियों का निःशुल्क नेत्र परिक्षण किया गया। जिसमें से 88 विद्यार्थियों की नजर कमजोर पाई गई। उक्त 88 विद्यार्थियों को शीघ्र ही क्लब द्वारा निशुल्क चश्मे वितरित किये जायेंगे। शिविर में क्लब अध्यक्ष लॉयन अनिल जैन आइ पी एस (सेवानिवृत्त), लॉयन सचिव विमल गोलछा, लॉयन कोषाध्यक्ष अनिल जैन, लॉयन अविनाश व्यास, लॉयन डॉ राजेन्द्र कुमार जैन,लायन सी के बाफना , लॉयन डॉ. णमोकार जैन, लॉयन अशोक लुहाडिया, लॉयन नेमी पाटनी आदि ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। जांच के समय विद्यालय की तरफ से सचिव वीरेंद्र कुमार गोदिका आइ पी एस (सेवानिवृत्त), सह सचिव लायन अशोक लुहाड़िया, प्रधानाध्यापिका श्रीमती रिचा जैन. समन्वयक प्रदीप शर्मा उपस्थित थे। यहीं पर लॉयन डॉ. राजेन्द्र कुमार जैन ने क्लब के माध्यम से स्कुल की एक बालिका के लिए साल भर की शिक्षा सहयोग के रूप में राशि रू 10000/-प्रदान किए तथा यह राशि विद्यालय के सचिव वी के गोदिका को सुपुर्द की।





# द्रौपदी डिजाइनिंग स्टूडियो का शुभारंभ

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

वरिष्ठ विधायक कालीचरण सराफ द्वारा गुरुवार को मालवीय नगर सेक्टर 3 जैन मंदिर के पास द्रौपदी डिजाइनिंग स्टूडियो का शुभारंभ किया गया। दीपिका कासलीवाल ने बताया कि शोरूम में आधुनिक डिजाइन के लहंगे, साड़ियां, सूट आदि की वैरायटी उपलब्ध है। इस अवसर पर हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य सहित जैन समाज के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थिति थे।

# 300 से अधिक गोवंश को हराचारा अर्पण किया गया



रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था द्वारा जीवदया के अंतर्गत क्लब के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन आर पी अग्रवाल एवम पूर्व सचिव लायन सुषमा अग्रवाल के सहयोग से लोहागल रोड में स्थापित पुष्कर गो आदि पशुशाला की अशक्त गौमाताओं को हरा चारा अर्पण किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि गऊ शाला में 300 से अधिक गोवंश है जिन्हे एक ट्रॉली पोष्टिक हराचारा जिसमे लगभग 1000 किलो चारा था गोवंश के लिए डलवाया गया। इस अवसर पर गऊ शाला प्रबंध कार्यकारिणी के पदाधिकारियों ने लायन आर पी अग्रवाल एवम लायन सुषमा अग्रवाल का स्वागत किया एवम जीवदया में दिए गए सहयोग की अनुमोदना की।

# बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत निकाली रैली




रोहित जैन. शाबाश इंडिया

अजमेर। लायंस क्लब्स इंटरनेशनल 3233 ई 2 के प्रांतपाल लायन श्याम सुंदर मंत्री द्वारा निर्देशित प्रांतीय प्रमुख कार्यक्रम ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' के अंतर्गत लायंस क्लब अजमेर आस्था एवम संस्कार सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में एक रेली निकाली गई जिसमे विद्यालय के विद्यार्थी हाथो में तख्तियां जिनपर बालिकाओं को शिक्षित करवाने के लिए महत्वपूर्ण संदेश लिखे हुए थे लेकर चल रहे थे। क्लब अध्यक्ष लायन रूपेश राठी ने बताया कि क्लब की वरिष्ठ सदस्य लायन स्नेहलता शर्मा के संयोजन में निकाली गई रैली में विद्यार्थी एवम क्लब सदस्यो ने नारे लगाते हुए बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। क्लब कोषाध्यक्ष लायन हेमंत गट्टी ने विद्यालय प्रशासन एवम विधार्थियों के प्रति आभार ज्ञापित किया।

# देश-विदेश में लहराएगा उदयपुर की खूबसूरती और कलाकारों का परचम : मुकेश माधवानी

## उदयपुर से प्रोड्यूस होने वाली पहली राजस्थानी फिल्म- ''तू दीया मैं बाती'' का पोस्टर विमोचन




उदयपुर. शाबाश इंडिया

झीलों की नगरी में सौभागपुरा स्थित अशोका पैलेस में राजस्थानी फिल्मों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एम स्क्वायर प्रोडक्शन के बैनर तले उदयपुर से प्रोड्यूस होने वाली पहली राजस्थानी फिल्म ''तू दीया मैं बाती'' का पोस्टर विमोचन शुक्रवार को हुआ। इस अवसर पर राजस्थानी फिल्मों के निमार्ता-निर्देशक विपिन तिवारी ने प्रेसवार्ता में बताया कि महिला सशक्तिकरण जैसे संवेदनशील विषय पर इस फिल्म में धरतीपुत्र और देश की सरहद पर रक्षा करने वाले फौजी की कहानी ही इसकी यू.एस.पी. होगी। निर्माता मुकेश माधवानी ने बताया कि फिल्म में राजस्थानी कल्चर की अलग तस्वीर दिखाई देगी। पारिवारिक रिश्तों में इमोशन, रोमांस, सस्पेंस, कॉमेडी का तड़का भी देखने को मिलेगा। बार्डर पर युद्ध के दृश्य साथ कई दृश्यों को उदयपुर जयपुर के साथ कोटा और टोंक में फिल्माया जाएगा। फिल्म में राजस्थानी सिनेमा के नामचीन कलाकारों के साथ बॉलीवुड के कलाकार भी नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन अमिताभ तिवारी और संगीत अमित ओझा व निजाम खान का होगा। एडिटर शैलेंद्र सिंह खंगारोत होंगे। पटकथा में टीना शर्मा शिवराज गुर्जर और विपीन तिवारी का योगदान है। फिल्म का पहला शेड्यूल दीपावली पूर्व उदयपुर में प्रारंभ होगा। उदयपुर में फिल्म सिटी की स्थापना को लेकर उन्होंने कहा कि अगर राजस्थान में कहीं फिल्म सिटी की स्थापना की जा सकती है तो उदयपुर से अच्छी जगह और कोई हो ही नहीं सकती। उदयपुर में हर 100 किलोमीटर के दायरे में एक फिल्म सिटी है। यहां के पहाड़ झरना नदियां झीलें कुदरत की ओर से दिए गए सुंदर और अनुपम उपहार है। ऐसी सुंदरता जो अपने आप में ही कश्मीर और स्विट्जरलैंड को दर्शाती है। उसे जगह पर फिल्म सिटी बनाना बड़े ही गौरव की बात होगी। इस अवसर पर इतिहासकार चंद्रशेखर शर्मा राजस्थानी भाषा की मान्यता के लिए संघर्षरत शिवदान सिंह, समाजसेवी मदन नागदा सहित कई गणमान्य उपस्थित थे।

रिपोर्ट/ फोटो: राकेश शर्मा 'राजदीप'

# पीस पोस्टर प्रतियोगिता सम्पन्न






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 4.10.24, सेवा सप्ताह अनमोल खुशियां का तीसरा दिन। आज लायंस क्लब आकाशदीप व लायंस क्लब क्वीन के संयुक्त तत्वावधान में पीस पोस्टर प्रतियोगिता आकाशदीप पब्लिक स्कूल मानसरोवर में आयोजित की गई। जिसमे लायंस क्लब जयपुर स्पार्कल ने भी अपनी सहभागिता निभाई।स्कूल के लगभग 200 बच्चों ने अपने मन की भावनाओं को कागज पर उकेर कर उसे सतरंगी बनाया।सभी बच्चो के चित्र बहुत ही सुंदर बने।सभी बच्चों को पेंसिल कलर उपहार स्वरूप दिये गए, व 3 बच्चो को पुरस्कृत किया गया। आज के उक्त कार्यक्रम में लायंस की कई वी.आई.पी. हस्तियां- सहप्रांतपाल ला. आशुतोष वशिष्ठ, पी.डी. पी. ला.अंजना जैन,सर्विस वीक चेयरमैन ला. आर.एस. मदान, ला. रोहित जॉली,अजय सक्सेना, ला. एल.सी. भारतीय ,सुरेंद्र सिंह हरसाना, शंकर सिंह खंगारोत, महादेवी आर्य सहित जयपुर स्पार्कल की पी.एस. टी. टीम सहित अन्य कई सदस्याओं ने अपनी उपस्तिथि दर्ज करवाई।

## जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 5 व 6 अक्टूबर को स्टेयर्स स्कूल में आयोजित

**कोटा. शाबाश इंडिया**

डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता 5 और 6 अक्टूबर को स्टेयर्स स्कूल में आयोजित की जाएगी। जो भी खिलाड़ी पार्टिकपेट करना चाहते हैं वो अपना आधार कार्ड और बर्थ सर्टिफिकेट साथ लेकर आये। सभी खिलाड़ी अपना वजन 5 अक्टूबर शाम 4 से 6 बजे तक होगा। विजेता खिलाड़ी जयपुर में होने




वाली राज्य स्तरीय स्तर प्रतियोगिताओं में भाग लेगे ।

## मुख्यमंत्री निवास में सामूहिक क्षमापना समारोह रविवार को

### जैन संतों के सानिध्य में मुख्य मंत्री निवास में पहली बार होगा क्षमावाणी का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सिविल लाइन स्थित मुख्यमंत्री निवास (सीएमआर ) में रविवार 6 अक्टूबर को सामूहिक क्षमापना समारोह होगा। इस आयोजन में राजधानी के विभिन्न जैन मंदिरों में चातुर्मास प्रवास कर रहे जैन संतों का सानिध्य मिलेगा। ग्रेटर निगम के उप महापौर पुनीत कर्णावट ने विभिन्न जैन प्रतिनिधियों के साथ भट्टारक जी की नसियां में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि इस मौके पर आचार्य शशांक सागर महाराज सहित दिगम्बर एवं श्वेतांबर जैन संतो के सीएमआर में विशेष प्रवचन होगें । सीएमआर एवं समाज बन्धुओं की ओर से सभी जैन संतों को आमंत्रित किया जा चुका है। सुबह 9.00 बजे से शुरू होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा पाद पक्षालन एवं मंगल आरती कर जैन संतों की अगवानी करेंगें। कार्यक्रम में जैन समाज के 450 से अधिक प्रबुद्ध जन शामिल होंगे। पत्रकार वार्ता के मौके पर पुनीत कर्णावट के साथ जैन समाज के सुभाष चन्द जैन, मनीष बैद, प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, अजय धांधिया, सुनील कोठारी, निर्मल नाहटा, ज्योति कोठारी , मनोज पाटनी, चेतन जैन निमोडिया सहित कई समाज बन्धु उपस्थित थे।

## परम पूज्य आचार्य 108 श्री शांति सागर जी महाराज के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर स्वाध्याय सभा का शुभारंभ



**आयुष पाटनी. शाबाश इंडिया**

जोबनेर, जयपुर। श्री चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर पांड्या उर्फ ठोलियान में 13 अक्टूबर 2024 से परम पूज्य प्रथमाचार्य श्री 108 शांति सागर जी महाराज के शताब्दी वर्ष समरोह के अवसर पर आज से शताब्दी वर्ष समारोह मनाने का शुभारंभ किया जा रहा है। अतः इसी परिपेक्ष में जोबनेर जैन समाज द्वारा भी शताब्दी समारोह को धूमधाम से बनाने के लिए सांय कालीन स्वाध्याय की प्राचीन परंपरा को निभाते हुए पुनः शुरूआत की जा रही है सभी सदस्यों ने इसमें सम्मिलित होकर के आचार्य श्री व देव शास्त्र गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि प्रकट की और साथ ही अपने जीवन को धर्म के मार्ग पर आगे बढाते हुए सफल बनाने की ओर बढ़े। आज इसी अवसर पर शुभी जैन पुत्री श्री सुरेंद्र जैन के आईसीएआर में पूरे देश में चतुर्थ रैंक आने पर उसका स्वागत किया गया। शुभी जैन अपनी पढ़ाई के दौरान दो बार शैक्षणिक स्तर पर अध्ययन के लिए सरकार की तरफ से विदेश यात्रा भी कर चुकी है।

# भट्टारक जी की नसियां में मुनिसुव्रत नाथ विधान में गूंजे जयकारे

## हुआ प्राकृत जैन विद्या पाठशाला समिति का तृतीय वार्षिक प्राकृत प्रशिक्षण शिविर एवं दीक्षांत समारोह का प्रथम एवं द्वितीय सत्र






**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अर्हं योग प्रणेता मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भट्टारक जी की नसियां में जैन धर्म के 20 वें तीर्थंकर भगवान मुनिसुव्रत नाथ विधान का संगीतमय आयोजन किया गया इस मौके पर पूरा परिसर जयकारों से गुंजायमान हो उठा। श्री मुनि संघ सेवा समिति बापूनगर के बैनर तले आयोजित इस कार्यक्रम में बडी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए। श्री मुनि संघ सेवा समिति बापूनगर के अध्यक्ष राजीव जैन गाजियाबाद ने बताया कि प्रातः 6.15 बजे से श्री जी के अभिषेक के बाद विश्व में सुख शांति समृद्धि की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। तत्पश्चात सौधर्म इन्द्र अतुल शशि सोगानी, उमराव मल, नवीन संघी के नेतृत्व में अष्ट द्रव्य से पूजा-अर्चना की गई।पूजा के दौरान धनपति कुबेर राजीव अरिहंत जैन गाजियाबाद एवं विजय - विराट पाटनी ने केसरिया केसरिया आज हमारो रंग केसरिया....., पारस प्यारा लागो जिनेश्वर प्यारा लागो..... पंछीडा पंछीडा..... सहित जैन भजनों पर भक्ति नृत्य करते हुए श्रद्धालुओं को रत्न लुटाए। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में मुनि प्रणम्य सागर महाराज के मंगल प्रवचन हुए।जिसमें मुनि श्री ने सामूहिक विधान पूजा करने का महत्व बताते हुए कहा कि प्रत्येक श्रावक को प्रतिदिन अभिषेक, शांतिधारा एवं पूजा अर्चना करनी चाहिए। धर्म सभा का चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन समाजश्रेष्ठी सुधान्शु - ऋतु कासलीवाल ने किया। समाजश्रेष्ठी आलोक - मुक्ता जैन एवं अमित काला परिवार ने मुनि श्री के पाद पक्षालन करने का पुण्यार्जन किया। समाजश्रेष्ठी सुभाष - शशी जैन जौहरी एवं रेणू लुहाडिया ने मुनि श्री को शास्त्र भेट किया। श्रद्धालुओं को जाप्य माला देने का पुण्यार्जन समाजश्रेष्ठी राजेश - जैना गंगवाल नेमीसागर वालों ने किया। विधान में जयकारों के बीच अर्घ्य चढाये गये। समुच्चय अर्घ्य से समापन हुआ। अन्त में पंच परमेष्ठी की आरती की गई। इस मौके पर प्रदीप जैन, विनोद जैन कोटखावदा, मनीष बैद, सुरेन्द्र मोदी, नवीन संघी, मनोज झांझरी, पारस कासलीवाल, जे के जैन नेमीसागर, संजय पाटनी आदि ने मुनि श्री को श्रीफल भेट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रचार संयोजक विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक दोपहर में तोतूका सभागार में प्राकृत जैन विद्या पाठशाला समिति का तृतीय वार्षिक प्राकृत प्रशिक्षण शिविर एवं दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें मुनि प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में दोपहर 1.00 बजे से प्रथम सत्र एवं सायंकाल 6.00 बजे से द्वितीय सत्र हुआ। सायंकाल गुरुभक्ति एवं आरती के आयोजन किये गये। शनिवार 5 अक्टूबर को प्रातः 6.00 बजे से प्राकृत जैन विद्या पाठशाला समिति का तृतीय वार्षिक प्राकृत प्रशिक्षण शिविर एवं दीक्षांत समारोह का तृतीय सत्र का आयोजन किया जाएगा। दोपहर में 2 बजे से सीए सेमिनार आयोजित होगी। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे।

# समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी कुलदीप मुंदलिया ने पौधारोपण कर मनाया जन्मदिन



**रमेश भार्गव. शाबाश इंडिया**

ऐलनाबाद। खंड के गांव मिठनपुरा के समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी कुलदीप मुंदलिया ने अपना जन्मदिन गांव के क्रिकेट स्टेडियम में ट्रस्ट के पदाधिकारियो के साथ मिलकर पीपल का पौधा रोपित कर मनाया ।फिर डेली सोशल वर्क कार्यक्रम टीम के सदस्य बबलू खिचवानिया व अन्य के साथ नोहर रोड डिवाइडर के बीच कनेर के पौधे लगाए तथा उसके पश्चात टीम मिशन ग्रीन के संस्थापक वार्ड पार्षद सुभाष प्रेमी,प्रधान सोहन सोनी व टीम के सदस्यो संग जन्मदिन मनाया पर्यावरण प्रेमी कुलदीप मुंदलिया ने कहा कि आजकल के युग में युवा अपना जन्मदिन किसी फाइव स्टार, 7 स्टार होटल व अन्य वीआईपी जगह पर बड़े-बड़े केक काटकर या अन्य प्रकार की पार्टियों में पैसा खर्च कर मनाते हैं लेकिन वह सदा से ही इस चीज के खिलाफ रहे हैं और अपना जन्मदिन हर वर्ष गांव के आसपास या दूर दराज के क्षेत्र में विभिन्न सार्वजनिक संस्थाओं या समाजसेवी लोगों के साथ कोचिंग या स्कूल संस्थानों में जाकर के पौधारोपण करके ही जन्मदिन मनाते हैं और वह युवाओं सहित अन्य लोगों को पर्यावरण के प्रति प्रेरणा देते हैं ताकि हर बच्चा, हर सदस्य,हर व्यक्ति अपने जन्मदिन के उपलक्ष पर किसी प्रकार की फिजूल खर्ची न करके पौधारोपण करें और उसे ही यादगार के रूप में जन्मदिन की पार्टी समझे ताकि वह उसके जीवन का एक अहम हिस्सा बन सके और वह सदैव जिंदगी में उस पौधे को याद रखें और उस पौधे को एक वट वृक्ष बनाने का लक्ष्य लें ताकि आज की युवा पीढ़ी किसी भी यादगार दिवस के दिन किसी प्रकार का अन्य खर्च न करके पर्यावरण बचाने की ओर ध्यान दें और प्रत्येक यादगार दिवस पर पधारोपण करके ही उस दिन को मनाए।

# अर्हम ध्यान योग, जीएसटी और आयकर पर सेमिनार आज (5 अक्टूबर को ) भट्टारक जी की नसियां में

## मुनि श्री प्रणम्य सागर जी महाराज का होगा सानिध्य




जयपुर. शाबाश इंडिया। अर्हम ध्यान योग प्रणेता मुनि 108 प्रणम्य सागर महाराज के सानिध्य में शनिवार 5 अक्टूबर को अर्हम ध्यान योग, जीएसटी और आयकर पर सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। संयोजक सीए दिनेश जैन ने बताया कि भट्टारक जी की नसियां के तोतूका सभागार में शनिवार को दोपहर 2 बजे से आयोजित इस सेमिनार के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा होंगे। इस मौके पर मुख्य वक्ता सीए (एडवोकेट) जतिन हरजाई जयपुर एवं सीए (डॉ.) गिरीश आहूजा, दिल्ली होंगे। विनोद जैन कोटखावदा के मुताबिक सेमिनार में धर्मार्थ ट्रस्टों, सोसायटी और गैर सरकारी संगठनों से संबंधित वात्सल्य और आयकर मुद्दे और वित्त अधिनियमग 2024 के तहत हालिया संशोधन के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। और साथ ही जीएसटी मूल्यांकन में मुद्दे और जीएसटी अधिनियम में हालिया संशोधन पर विस्तार से चर्चा होगी।

# अहिंसा साइकिल यात्रा के सदस्यों का अभिनंदन





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

रॉयल ग्रुप मित्र मंडल के तत्वावधान में अहिंसा साइकिल यात्रा के सदस्यों का अभिनंदन समारोह गुरुवार शाम को श्याम नगर में आयोजित किया गया। रॉयल ग्रुप के सेक्रेटरी नरेश जैन मेड़ता बताया कि बुधवार सुबह 2 तारीख को धर्मेंद्र गंगवाल विवेक विहार के नेतृत्व में 200 किलोमीटर साइकिल से अहिंसा यात्रा जयपुर से जहाजपुर जैन मंदिर तक निकाली गई।आज साइकिल यात्रा करने वाले सदस्यों का रॉयल ग्रुप मित्र मंडल के द्वारा अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। रॉयल ग्रुप के संरक्षक सुरेंद्र पाटनी एवं सभी पदाधिकारीगण ने धर्मेंद्र गंगवाल समीर जैन वैशाली जैन सौरव जैन का तिलक माला एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया। इस अवसर पर धर्मेंद्र गंगवाल ने यात्रा का विवरण एवं उद्देश्य बताया उन्होंने कहा कि इस बार साइकिल से अहिंसा यात्रा तीर्थ क्षेत्र सम्मेद शिखर जी तक जाने का विचार किया जायेगा एवं यात्रा में युवा वर्ग को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर रॉयल ग्रुप के उपाध्यक्ष प्रसिद्ध संगीतकार संजय जैन लाडनूं ने गीत के माध्यम से अपने विचार रखें ।इस अवसर पर कार्यक्रम में पधारे सभी सदस्यों का अध्यक्ष दीपक सेठी ने आभार जताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमित ठोलिया जॉइंट सेक्रेटरी प्रशांत सेठी पंकज रारा नितिन पाटनी मोनिका जैन मोना सेठी अल्पना पाटनी कविता गंगवाल निक्कू रारा रचना ठोलिया उपस्थित थे।

# साहित्यिक आइडल अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता के लिए कविताएं आमंत्रित

**लुंबिनी, नेपाल. शाबाश इंडिया।** नेपाल की पवित्र भूमि में अंतरराष्ट्रीय स्तर की कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देवनागरी लिपि के संरक्षण, साहित्य की आइडल प्रतिभाओं को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने , नेपाल भारत बीच साहित्यिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक सम्बंध विकास, नेपाल भारत बीच अयोध्या तथा जनकपुर सर्किट धार्मिक पर्यटन विकास तथा साहित्यिक क्षेत्र की प्रतिभाओं को सम्मानित कर प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। नेपाल की प्रसिद्ध संस्था शब्द प्रतिभा बहुक्षेत्रीय सम्मान फाउन्डेशन नेपाल द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय स्तर की 'साहित्यिक आइडल अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता' का आयोजन किया जा रहा है प्रतियोगिता में नेपाल , भारत, अमेरिका, तंजानिया आदि देश से हजारों रचनाकारों के सहभागी होने की आशा की गई है। आधा दर्जन प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन के बाद




इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। देश विदेश से कोई भी रचनाकार अपनी 20 लाइन की हिंदी भाषा में लिखी गई समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए संदेश देने वाली एक काव्य रचना + 977 9804583611 पर भेज कर सहभागी हो सकता है। ऑनलाइन प्रतियोगिता होने के कारण से देश विदेश से रचनाकारों से कविताएं आह्वान की गई हैं। उत्कृष्ट काव्य रचना चयन के आधार पर पहले 250 रचनाकारों को उत्कृष्ट घोषित कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा तथा ''हिंदी आइडल'' की मानद उपाधि प्रदान की जायेगी। सम्मान पत्र के साथ आइडल कार्ड रजिस्टर्ड डाक से भेजा जायेगा। कविता प्रतियोगिता में सहभागी होने के लिए कविता भेजने की अन्तिम तिथि 2024 नवम्बर 25 निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता के सम्बन्ध में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आनन्द गिरि मायालु कहते हैं - आज के समय में पैसा और पावर सिर चढ़कर बोलता है। साहित्य के क्षेत्र में असंख्य अग्रज तथा नवोदित प्रतिभाएं हैं जिनका सृजन सम्मान तथा प्रोत्साहन पुरस्कार के लायक है फिर भी वह राज्य द्वारा वंचित किए गए हैं ऐसी प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना हमारा कर्तव्य बनता है उसी राह पर हम आगे बढ़ रहें हैं। संस्था देवनागरी लिपि के सेवकों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है संस्था देश विदेश की विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करती आई है। आप सभी अपनी एक उत्कृष्ट काव्य रचना के माध्यम से इस अंतरराष्ट्रीय कविता प्रतियोगिता में सहभागी हो सकते/ सकतीं हैं। ज्ञात हो कि शब्द प्रतिभा के आयोजनों में सहभागी होने के लिए देश विदेश से बड़ी उल्लेख संख्या में रचनाकार उत्सुक रहते आए हैं। संस्था अब तक कई बड़ी ऑनलाइन कविता प्रतियोगिताओं का निःशुल्क आयोजन कर चुकी है।

# भवाई नर्तक सूर्यवर्धन सिंह इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से सम्मानित



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** राजस्थान के युवा भवाई नर्तक सूर्यवर्धन सिंह धीरावत को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड की ओर से फरीदाबाद में वार्षिक अंतरराष्ट्रीय दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया गया। कलाकार सूर्यवर्धन सिंह को भवाई नृत्य के तीन प्रारूपों को प्रस्तुत करने पर उनके रिकॉर्ड को उपमहाद्वीप में सर्वश्रेष्ठ सौ रिकॉर्ड के रूप में चुना गया। सूर्यवर्धन सिंह को यह पुरस्कार यूनिको संगठन के वियतनाम फेडरेशन परिषद की नीति और विकास के उप महासचिव प्रोफेसर चू बाऊक्यून ने प्रदान किया। दो दिवसीय कार्यक्रम में भारत सहित मलेशिया, नेपाल, वियतनाम आदि देशो के रिकॉर्ड दर्पण को भी सम्मानित किया। इस रिकॉर्ड को बनाने का मकसद दुनिया भर में राजस्थान की लोक कला और संस्कृति की धरोहर को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सूर्यवर्धन सिंह ने बताया कि उन्हें यह रिकॉर्ड अपने दादागुरु अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य सम्राट डॉ रूप सिंह शेखावत के सानिध्य से मिला।



# जैसवाल जैन युवाजन द्वारा मनाया गया क्षमावाणी मिलन समारोह





**नई दिल्ली/अंबाह. शाबाश इंडिया**

एनसीआर के प्रतिष्ठित संगठन जैसवाल जैन युवाजन द्वारा क्षमावाणी का कार्यक्रम ₹अध्यात्म साधना केंद्र- छतरपुर दिल्ली में अत्यंत धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीए बिमल जैन-बीना जैन द्वारा मंचन उद्घाटन के साथ हुआ। वाणी भूषण पंडित रमेशचंद्र जैन शास्त्री जी ने विधिवत रूप से मंगलाचरण किया। भगवान महावीर स्वामी एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य वसुनंदी जी महाराज के चित्र का अनावरण सगुनचंद्र जी-ममता जैन (उत्तम नगर), सुरेशचंद्र -अनीता जैन (साउथ एक्स), सुरेशचंद्र-विनीता जैन (द्वारका), रुपेश जैन-डॉली जैन (उत्तम नगर), मनोज जैन रजनी जैन (ग्रीन पार्क) एवं निर्मल जैन-बबीता जैन (पटेल नगर) द्वारा किया गया। दीप प्रज्वलन सुनील जैन-लक्ष्मी जैन (ग्रीन पार्क) ने किया। जिनवाणी स्थापना का सौभाग्य हेमंत जैन वंदना जैन (शकरपुर), संजीव जैन सुनीता जैन (कोटला), कमल कांत मीनू जैन (गौतम नगर), नीरज जैन-लक्ष्मी जैन (अर्जुन नगर), संतोष जैन प्रीति जैन (नोएडा), राजीव जैन मनीष जैन (गोविंदपुरी), वरुण जैन दीपिका जैन (राजा बाजार), गिरीश जैन लवलीन जैन (गुड़गांव), राहुल जैन-ॠतु जैन (गोविंदपुरी), सचिन जैन -गौरव जैन (गोविंदपुरी), विजय जैन-अंजलि जैन (उत्तम नगर), अनिल जैन-शालू जैन (शाहदरा), सीए सौरभ जैन-शिल्पी जैन (शकरपुर) एवं राजू जैन (गणेश नगर) ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्यसभा सांसद नवीन जैन पीएनसी एवं अम्बाह की नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजलि जिनेश जैन को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। गणेशी लाल जी जैन (महक ग्रुप) को ₹समाज रत्न₹ की उपाधि से विभूषित कर उनका अभिनंदन किया गया। मोटिवेशनल स्पीकर हर्षवर्धन जैन ने प्रत्येक परिस्थिति में जीवन में सकारात्मकता को अपनाने पर जोर दिया। कक्षा 10 में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन बच्चों को क्रमशः 31000/, 21000 और 11000 की राशि के चेक सीए अजय जैन-शिल्पी जैन (नोएडा) की तरफ से दिये गये। कक्षा 12 में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तीन टॉपर्स को 31000/, 21000/ और 11000 की राशि के चेक पवन जैन-अंजू जैन (विजय एनक्लेव-पालम) की तरफ से दिये गये। इस अवसर पर बच्चों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन दो ग्रुप में किया गया। प्रथम ग्रुप 5 से 10 साल और द्वितीय ग्रुप 10 से 15 साल तक के बच्चों ने भाग लिया। दोनों ग्रुप में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस आयोजन में सिद्धनंदनी मंडल, स्याद्वाद महिला मंडल, धर्म जागृति संस्थान, रितिका जैन एंड ग्रुप, राजा बाजार महिला मंडल आदि के द्वारा बहुत ही सुंदर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। आयोजन में महेंद्र कुमार जी जैन (मधुबन), अनिल जैन (विकासपुरी), जितेंद्र जैन (लक्ष्मी नगर), कमलेश जैन सीए, (गुरुग्राम), सुरेशचंद्र जैन-योगेश जैन- सजल जैन (महक ग्रुप), भूपेंद्र जैन (ग्रीन पार्क), दीपचंद्र जैन- ताराचंद्र जी जैन (ग्रीन पार्क), सुदीप जैन (गुरुग्राम), शैलेश जैन एस वाईसी, दिवस जैन (अलंकार प्रकाशन), आलोक जैन (भजनपुरा), जिनेश जैन (अंबाह), रुपेश जैन (सफदरजंग), सुदर्शन जैन-सुशील जैन (मधुबन), मनोज जैन-योगेश जैन (करोल बाग), गोकुलचंद्र जैन (शकरपुर) आदि के साथ अनेक श्रेष्ठीगणों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन नीरू जैन एवं डॉ. अनुमेहा जैन ने किया। सभी के लिए वात्सल्य भोजन की व्यवस्था गणेशीलाल जैन (महक ग्रुप) की तरफ से की गई थी। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार की समस्त व्यवस्था चौधरी मोहित जैन (चीकू) -मनोज जैन-शुभम जैन -अतिशय जैन, चौधरी केमिकल्स-दिल्ली के द्वारा की गई थी। विभिन्न स्थानों से बस की व्यवस्था उमेश कुमार जैन, प्रदीप कुमार जैन, नवीन कुमार जैन (राजा बाजार, दिल्ली) के द्वारा की गई थी। जैन समाज के बुजुर्ग सुमतिचंद्र जैन-अंबाह वाले एवं श्रीमती बैकुंठी देवी जैन (उत्तम नगर) को आयोजकों द्वारा सम्मानित किया गया। समस्त कार्यक्रम का लाइव प्रसारण अहिंसा प्रभावना यूट्यूब चैनल के माध्यम से हुआ। कार्यक्रम के अंत में दो लकी ड्रॉ एक पुरुष वर्ग और एक महिला वर्ग के लिए निकाले गए। दोनों विजेताओं को शुद्ध चांदी के बर्तन का पूजन सेट दिया गया। जैसवाल जैन युवाजन के अध्यक्ष नवीन जैन 'पिंकी, महामंत्री अजय जैन 'बॉबी', कोषाध्यक्ष सीए अजय जैन के साथ सुरेशचंद्र जैन (साउथ एक्स), सुरेशचंद्र जैन (द्वारका), रूपेश जैन (उत्तम नगर), दीपक जैन (संगम विहार), सीए राजीव जैन (मयूर विहार), एवं जैसवाल जैन युवाजन के सभी साथियों के अथक प्रयास से क्षमावाणी मिलन समारोह अत्यंत हर्ष-उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

# युद्ध की विभीषिका में भी भगवान महावीर के सिद्धांत उपयोगी : कलेक्टर द्विवेदी

## नगर वासी सन्तोष सर के पिता श्री की होगी गोदभराई

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**

भगवान श्री महावीर स्वामी के सिद्धांतों को आज भी उतना ही सार्थक माना जा रहा है जितना 2500 वर्ष पहले हुआ करतें थे जो बात जगत के सामने चिंतन मनन से निकल कर आती है वह किसी एक के लिए नहीं होती सारी दुनिया के लिए होती हैं राजपाठ का त्याग कर महावीर स्वामी ने त्याग तपस्या का मार्ग चुना और उनकी तपस्या दिनों दिन कठिन होती गई तव एक नवनीत निकलकर आया जिन्हें हम सत्य अहिंसा अपरिग्रह के रूप में देखते हैं दुनिया आज युद्ध की विभीषिका झेल रही है इन दिनों दुनिया में सैकड़ों वच्चे अनाथ हो रहे हैं छोटे से भूभाग के लिए मध्य पूर्व में युद्ध छिड़ा है महावीर स्वामी के सिद्धांतों का इन सब समास्याओं से सीधा समाधान निकाला है उक्त आश्य केउद्गार अशोक नगर कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने गंज मन्दिर में व्यक्त किए । इसके पहले जैन समाज द्वारा कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ज़िप सीईओ डॉ नेहा जैन काअध्यक्ष राकेश कासंल मंत्री विजय धुर्रा संयोजक उमेश सिघई थूवोनजी महामंत्री विपिन सिंघई सहित अन्य प्रमुख जनो ने पीत पट्टिका स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## जिला जेल में हथकरघा जैन समाज संचालित हो: जिप सीईओ

जिला पंचायत सी ई ओ डां नेहा जैन कहा कि इतने सारे युवा मन्दिर के वस्त्र धोती दुपट्टा धरण कर भगवान के कलश कर रहे हैं उसी समय



कलेक्टर सर के साथ आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ ये देखकर बहुत खुशी हो रही है आधुनिकता के इस दौर में भी इतनी रुचि हमें अपने संस्कारों की ओर ले जाती है सर के साथ हथकरघा भी देखा बहुत अच्छा लगा इस तरह का संस्थान जैन समाज द्वारा संचालित किया जा रहा है आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज ने ऐसी परिकल्पना की जो लोगों को भारतीय बनाकर रोजगार से भी जोड़ रही है हम सब भी इस क्षेत्र में आपकी मदद करने को तैयार हैं कलेक्टर सर का मन है कि आप एक हथकरघा ईकाई जिला जेल में स्थानांतरित करे हम सब उसमें आपके सहयोगी बनेंगे इस दौरान समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल ने कहा कि समाज हथकरघा के माध्यम से लोगों को रोजगार उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बन रहा है थूवोनजी कमेटी के महामंत्री विपिन सिंघई ने कहा कि आचार्य भगवंत की परिकल्पना को जैन समाज हथकरघा पाठशाला गौशाला सभी क्षेत्रों में काम कर रहा है इस दौरान जैन समाज के मिडिल प्रमुख अरविंद जैन एडीटर संजय के टी जैन मिलन के राष्ट्रीय सचिव नरेश जैन गोशाला के कोषाध्यक्ष निर्मल मिर्ची सहित अन्य प्रमुख जन उपस्थित थे।